**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.08.2025 समय : 0705

- भारत ने कल ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि 5' का सफल परीक्षण किया।
- ग्रामीण विकास निदेशालय की ओर से "स्वयं के स्रोत से राजस्व" विषय पर एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से सप्ताहव्यापी खेलों की शुरूआत– बैडमिन्टन का फाइनल मैच आज खेला जाएगा।
- आकाशवाणी श्री विजयपुरम में हिंदी आकस्मिक उद्घोषकों का पैनल तैयार करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर पच्चीस अगस्त कर दिया गया है।

<><><><><><>

भारत ने कल ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि 5' का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि इसने सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को पूरा किया। यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

<><><><><><>

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार–आधारित ग्राहक सत्यापन के लिए एक निजी उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा प्रदाता स्टारलिंक के साथ समझौता किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आधार प्रमाणीकरण का वैश्विक उपग्रह इंटरनेट प्रदाता के साथ उपयोग भारत के डिजिटल बुनियादी सुविधाओं की विश्वसनीयता को दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा कि इस समझौते में इस बात पर जोर दिया गया है कि आधार, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए सेवा वितरण में नवाचार को किस तरह से सक्षम बना सकता है।

<><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से हाल ही में मरीन हिल में "स्वयं के स्रोत से राजस्व" विषय पर एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य नोडल अधिकारी बिजॉय कुमार दास ने सत्र का उद्घाटन करते हुए पंचायतों की वित्तीय स्वायत्तता में सुधार, स्थानीय शासन को बढ़ाने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए ओ एस आर को मजबूत करने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। मध्योत्तर अंडमान जिले से ओएसआर सृजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को भी सम्मानित किया गया। मॉड्यूल, वीडियो और प्रस्तुतियों के माध्यम से, प्रतिभागियों को ओएसआर और पंचायती राज मंत्रालय की राजस्व सृजन तकनीकों में नवीनतम पहलों के बारे में जानकारी दी गई। सत्र का नेतृत्व पंचायत सचिव आशीष शेखर और डोमेन विशेषज्ञ ई. विद्या माला ने किया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग की सहायक निदेशक के.ए. प्रमिला, प्रधानों, पंचायत सचिवों और आरजीएसए टीम के सदस्यों ने भाग लिया।

<><><><><><>

राज्य पुस्तकालय की ओर से हाल ही में स्वतंत्रता दिवस के एक भाग के रूप में निबंध और भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य पुस्तकालय की उप शिक्षा निदेशक अर्चना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने का एक मंच प्रदान करता था, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की स्थायी प्रासंगिकता की भी याद दिलाता है।

<><><><><><>

मुख्य सचिव और पशु एवं पशुपालन विभाग सचिव के मार्गदर्शन में विभाग की ओर से कार निकोबार में अंडा वितरण पहल का आयोजन किया गया। यह पहल स्कूल और आंगनवाड़ी बच्चों को उच्च प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान करके पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में निकोबार जिला उपायुक्त मुख्य अतिथि, जबकि जनजातीय परिषद सचिव सम्माननीय अतिथि रूप में उपस्थित थे।

<><><><><><>

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर कल खेल एवं युवा मामले विभाग और शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय खेल दिवस–2025 समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर 19 अगस्त को श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में पुरूष और महिला के लिए युगल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। पुरुष युगल में 12 टीमों ने और महिला युगल में 8 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन खेल एवं युवा मामले विभाग के सहायक निदेशक विश्वनाथ सेन ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में खिलाड़ियों से टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए अच्छी खेल भावना और अनुशासन का प्रदर्शन करने का अनुरोध किया। आज सुबह नौ बजे नेताजी स्टेडियम के बहुद्देशीय सभागार में पुरूष और महिला युगल टेबल टेनिस टूर्नामेंट होगा, जबकि वॉलीबॉल शाम तीन बजे और बैडमिन्टन का फाइनल मैच शाम चार बजे खेला जाएगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में हिंदी आकस्मिक उद्घोषकों का पैनल तैयार करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर पच्चीस अगस्त कर दिया गया है। 50 वर्ष से कम आयु वर्ग के किसी भी विषय में स्नातक और नगरपालिका क्षेत्र के भीतर रहने वाले उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को हिंदी भाषा का ज्ञान होना अनिवार्य है। जीएसटी सहित आवेदन शुल्क तीन सौ चौवन रूपये की एनईएफटी या ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से प्रसार भारती (बीसीआई), आकाशवाणी श्री विजयपुरम को देना होगा। उम्मीदवारों का चयन, लिखित परीक्षा, स्वर परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया किसी भी नियमित रोजगार के लिए नहीं है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में 2 पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ और आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप आकाशवाणी के ड्यूटी रूम से किसी भी दिन निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन कार्यक्रम प्रमुख के पते पर जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप 23 से 25 अगस्त, तक श्री विजयपुरम में आयोजित की जाएगी। 2 से 5 सितंबर तक तेलंगाना में आयोजित होने वाली उन्यासिवीं दक्षिण क्षेत्र अंतर–राज्यीय बैडमिंटन चैंपियनशिप–2025 में भाग लेने के लिए अंडमान निकोबार द्वीप बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा 24 और 25 अगस्त को राज्य ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप और चयन ट्रायल भी आयोजित किए जाएँगे। एथलीटों का पंजीकरण नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक संघ कार्यालय में कल तक किया जाएगा।

<><><><><><><>

पर्यावरण और वन विभाग में वन रेंजर पदों पर भर्ती से जुड़ी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि को बढ़ाकर दस सितम्बर रात ग्यारह बजे तक कर दिया गया है। इसके अलावा आवेदन पत्र में सुधार करने की सुविधा भी दी जाएगी, जिसके लिए समय सीमा पन्द्रह सितम्बर सुबह ग्यारह बजे से सोलह सितम्बर रात ग्यारह बजे तक निर्धारित की गई है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा की–**द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** की बड़ी खबर है। इसके अलावा अखबार ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के ऐविस, शहीद द्वीप और लांग आइलैंड पर नए रिसॉर्ट विकास के साथ सतत पर्यटन को अपनाए जाने के समाचार को भी प्राथमिकता देते हुए प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने श्री विजयपुरम में सर्किट कोर्ट के आयोजन और बुनियादाबाद में पशुधन उत्पादकता में बढ़ावा के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अपने पहले पन्ने में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने आयुष अस्पताल की ओर से सोयामील एक संपूर्ण प्रोटीन विकल्प पर संवादात्मक सत्र आयोजित करने के समाचार को, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने रामनगर पंचायत में बार बार बिजली कटौती से ग्रामीण की परेशानी के समाचार को प्रमुखता से छापा है।

<><><><><><><>